हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

13 विपक्ष महिलाओं समझता केवल वोट बैंक...


14 मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने मानव नशामुक्ति ...


### ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात, शहीद का दर्जा देने की मांग

# एएसआई सुनील कुमार का पैतृक गांव बड़सी में किया अंतिम संस्कार, बेटे ने दी मुखाग्नि

27 अप्रैल शाम को करीब पौने आठ बजे के आसपास मिलकपुर बस अड्डे के समीप निजी बस में जबरदस्त धमाके के साथ लग गई थी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा





बवानीखेड़ा। सीआईडी में तैनात मृतक एएसआई को मुखाग्नि देता बेटा जनक और पुलिस अधीक्षक से बातचीत करते गांव बड़सी के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

निजी बस में जले दो लोगों के शवों तथा शक के आधार पर परिजनों के लिए सेम्पलों (डीएनए) की रिपोर्ट का मुधबन की लैब में मिलान हो गया। परिजनों से लिए गए सेम्पलों के आधार डीएनए रिपोर्ट में एक शव सीआईडी में तैनात एएसआई सुनील तथा दूसरा सेवानगर के बलजीत का निकला। जो कि हिसार की जिंदल फैक्टरी में नौकरी करता था।

मधुबन लैब से रिपोर्ट आने के बाद गुरुवार को पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिए। सुनील कुमार का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बड़सी तथा सेवानगर निवासी बलजीत का भिवानी में अकिया गया। दोनों के अंतिम संस्कार में भारी पुलिस बल के अलावा अनेक लोग शामिल हुए। सुनील कुमार की चिता को उनके बेटे जनक ने मुखाग्नि दी। इससे पूर्व पुलिस ने एएसआई को सलामी भी दी। उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल शाम को करीब पौने आठ बजे के आसपास गांव मिलकपुर बस अड्डे के समीप निजी बस में जबरदस्त धमाके के साथ बस में आग लग गई। आगमें 11 सवारी झुलस गई,जबकि दो लोग जिंदा जल गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया,लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। इस दौरान गांव बडीसी निवासी सुनील कुमार जो कि सीआईडी विभाग में एएसआई के पद पर बवानीखेड़ा में नियुक्त थे। उनका कहीं पर अता पता नहीं लग पाया था। यही हालत सेवानगर निवासी बलजीत की रही। इन दोनों के मोबाइल की अंतिम लोकेशन घटनास्थल तक ही मिल रही थी। उसके बाद मंगलवार को शक के आधार पर इन दोनों के परिजनों के डीएनए के लिए सेम्पल लिए। डीएनए रिपोर्ट में यह तय हो गया कि एक शव सुनील कुमार का है और दूसरा बलजीत का है। वीरवार सुबह पुलिस ने दोनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया। इस मौके पर पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी, प्रदीप नरवाल, डीएसपी दलीप ,एसएचओ सुरेश कुमार, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बड़सी, सुनील बड़सी ,प्रदीप सांसी,अनिल ओला, मनोज कुमार नायाब तहसीलदार बवानी खेड़ा,प्रदीप कुमार पटवारी ,हन्नी आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण बोले- मामले की जांच करवाई जाए

सुनील कुमार की शिनाख्त होने के बाद गांव बड़सी के लोग एसपी सुमित कुमार से मिले। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की। लोगों का तर्क था कि बस की गति ज्यादा अन्य कोई कारण रहा। जिस वजह हादसा हुआ। उस वक्त तेज धमाके के बाद बस गोले में तब्दील हो गई। इस हादसे में झुलसे लोगों ने बताया किस सुनील ने कई सवारियों को आग से बचाया। जिस वजह से, इनको शहीद का दर्जा दिलाया जाना चाहिए। चूंकि दूसरों की जान बचाने के चक्कर में खुद की जान चली गई। इस पर एसपी ने उनकी सारी मांगें पूरी करवाए जाने का भरोसा दिलाया।

### सिर्फ 500 मीटर दूर था मिलकपुर का बस अड्डा

## 15 सेकेंड का फासला रहा जिंदगी और मौत के बीच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वैसे तो होनी को कौन टाल सकता है,लेकिन अगर 15 सेकेंड का ओर वक्त मिल जाता तो सीआईडी एएसआई सुनील कुमार की जान बच जाती। चूंकि जिस जगह पर निजी बस आग का गोला बनी, वह जगह मिलक पुर के बस अड्डे से महज 500 मीटर की दूरी पर है। स्पीड में निजी बस को इतनी दूरी तय करने में दस से 15 सेकेंड का ही वक्त लगता। 500 मीटर का सफर तय करने के बाद सुनील कुमार को मिलक पुर के बस अड्डे पर उतरना था और वहां पर उसकी गाड़ी खड़ी थी। उस गाड़ी में वह रोजाना अपने गांव बड़सी आता व जाता रहता था। वह सुबह अपने घर से गाड़ी लेकर चलता और मिलकपुर बस अड्डे पर खड़ी कर देता था। उसके बाद बस में बैठकर बवानीखेड़ा पहुंच जाता। वहां पर ड्यूटी करता और शाम को करीब साढ़े सात-पौने आठ बजे निजी या कोई रोडवेज की बस मिलती तो उसी में बैठकर मिलक पुर पहुंच जाता। 27 अप्रैल को बस अड्डे से पांच सौ मीटर की दूरी पर हुए हादसे ने सीआईडी के जवान की जान ले ली।

### रेहड़ी से खरीदे आड़ू,पानी में धोए और चढ़ गया बस में

बवानीखेड़ा बस अड्डे के पास रेहड़ी लगा रहे राजेश व गगन ने बताया कि जिस दिन यह हादसा हुआ। उस दिन शाम को करीब सात बजे के आसपास उनकी रेहड़ी पर आया और उसने आड़ू खरीदे। आड़ू खरीदने के बाद पास में ही पानी में धोए। इतनी देर में बस आ गई और वह आड़ू के थैले को लेकर बस में चढ़ गया। उसके बाद करीब पौने आठ बजे सूचना मिली कि मिलक पुर में निजी बस में आग के गोले में तब्दील हो गई। उस वक्त भी उनको इस बारे में तनिक भी शक व संदेह नहीं था। जब सुबह उनको जानकारी मिली कि बस में दो लोग जिंदा जल गए और सुनील सीआईडी का कोई अता पता नहीं है। उसके बाद उन्होंने अपने स्तर पर जांच करनी आरंभ कर दी। उन्होंने बताया कि सुनील कुमार फल खरीदते तो कभी भी एक पैसे की उधार या कम नहीं देते। वे कहा करते कि भगवान ने सब कुछ दिया है। घर में किसी चीज की कोई कमी नहीं है।

### फोन नहीं मिला तो गहराया शक

जिस वक्त मिलक पुर में यह हादसा हुआ। उस वक्त चारों तरफ से फोन घनघनाने लगे। सोशल मीडिया पर भी मैसेज व वीडियों रील की भरमार हो गई। सीआईडी इंचार्ज व पुलिस के आला अधिकारियों ने सुनील के मोबाइल फोन पर फोन लगाकर हादसे की जानकारी लेनी चाही। तो उसका फोन नहीं मिला। उनके दोनों नम्बरों पर कॉल की,लेकिन बात नहीं बनी। सुनील कुमार का फोन नहीं मिलने से पुलिस अधिकारियों का शक गहराने लगा । क्योंकि हमेशा सुनील कुमार का फोन नम्बर रेंज में रहता था और अगर एकाध बार मिल नहीं पाता या कॉल रीसिव नहीं होती तो सुनील बाद में फोन जरूर करता। इन सब बातों से पुलिस महकमें का शक गहरा गया। रात को ही गांव बड़सी में किसी व्यक्ति से सम्पर्क करके सुनील कुमार के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि वह घर पर नहीं पहुंचा है। उसके बाद पुलिस ने दूसरे एंगल से भी काम करना आरंभ कर दिया।

## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक आज

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक 1 मई को प्रातः 10 बजे सबरबन डिवीजन कार्यकारी अभियंता के प्रांगण में जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के जिला महासचिव आरके चावला नेबताया कि बैठक में जो पेंशनर्ज 70 वर्ष के हो चुके हैं वे एलटीसी के लिए आवेदन कर सकते हैं वे अपने सभी दस्तावेज साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान आंखों की जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पेंशनर्ज व उनके परिजनों की आंखों की जांच की जाएगी।

### क्रिकेट टीम अंडर 16 का चयन ट्रायल कल

**भिवानी।** हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए भिवानी जिले की 16 वर्ष से कम आयुवर्ग की क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल दो मई शनिवार को सुबह 8 बजे होगा। ट्रायल बाल भवन पब्लिक स्कूल महम रोड में होगा। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 सितम्बर 2010 से 31-08-2012 के बीच हुआ है, वह अपना जन्म प्रमाण-पत्र, अपना आधार कार्ड व एक फोटो के साथ महम रोड स्थित बालभवन पब्लिक स्कूल में रिपोर्ट करें।

### जेब से निकाली 25 हजार की नकदी व दस्तावेज, केस दर्ज

**लोहारू।** लोहारू निवासी व्यक्ति की जेब से अज्ञात व्यक्ति ने 25 हजार रुपये की नकदी व आवश्यक दस्तावेज चोरी कर लिए। पुलिस ने पीड़ित अनिल की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस को दी शिकायत में शहर के वार्ड नंबर तीन निवासी अनिल शर्मा ने बताया कि वह किसी काम से बस स्टैंड की ओर जा रहा था और रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 25 हजार रुपये की नकदी और आवश्यक दस्तावेज चोरी कर लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## ऑपरेशन मुस्कान से दो मासूमों का किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिले में बचपन को सुरक्षित करने और मासूमों को भिक्षावृत्ति व बाल श्रम के दलदल से बाहर निकालने के लिए जिला बाल कल्याण समिति ने कमर कस ली है। ऑपरेशन मुस्कान अभियान में समिति को बड़ी सफलता मिली।

■ मासूमों के मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है बालश्रम एवं भिक्षावृत्ति : चेयरमैन प्रदीप

सीडब्ल्यूसी और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो बच्चों को रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित संरक्षण में लिया है। सीडब्ल्यूसी सदस्य अधिवक्ता धीरज सैनी ने बताया कि ऑपरेशन जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन अधिवक्ता प्रदीप सिंह तंवर के नेतृत्व में चलाया। विशेष रेस्क्यू टीम में सदस्य दिनेश अत्री, नीलम रानी, स्पोर्टिंग स्टाफ से हेमलता, दीपाली, लक्ष्मी व कपिल शामिल रहे। वहीं पुलिस विभाग की ओर से इंस्पेक्टर अमरदीप सिंह, सब इंस्पेक्टर कपिल देव, एसआई नीलम देवी व एसपीओ राकेश ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया। अभियान के बाद सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन तंवर ने कहा कि बालश्रम जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ प्रशासन पूरी तरह सख्त है। हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को रेस्क्यू करना मात्र नहीं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और गरिमामय भविष्य देना है। बाल श्रम और भिक्षावृत्ति मासूमों के मौलिक अधिकारों का सीधा हनन है। ऑपरेशन मुस्कान के जरिए हम समाज में यह चेतना लाना चाहते हैं कि बच्चों के कोमल हाथों में काम के औजार या भीख का कटोरा नहीं, बल्कि कलम एवं किताबें होनी चाहिए। अधिवक्ता तंवर ने कहा कि प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर अभियान भविष्य में और भी तीव्रता के साथ जारी रहेगा। उनका अंतिम लक्ष्य भिवानी को पूरी तरह से बाल श्रम मुक्त जिला बनाना है ताकि हर बच्चा स्कूल जा सके और अपना बचपन जी सके। सीडब्ल्यूसी ने आम नागरिकों से भी इस सामाजिक बदलाव में भागीदार बनने की अपील की है।



भिवानी। जिला बाल कल्याण समिति के साथ रेस्क्यू किए गए दो बच्चे। फोटो : हरिभूमि

## पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता के साथ सामाजिक सेवा करने वालों के लिए पद्म पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2027 के गणतंत्र दिवस पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए अपने-अपने क्षेत्रों से योग्य व्यक्तियों की सिफारिश 10 जून तक भेजी जाएगी। नामांकन केवल ऑनलाइन पोर्टल अवार्डस.जीओवी.इन के माध्यम से ही 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। ऑफलाइन या निर्धारित तिथि के बाद भेजे गए प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### सिफारिशें 10 जून तक भेजें

डीसी ने बताया कि पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन भेजने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है, जबकि राज्य स्तर पर सिफारिशें 10 जून 2026 तक भेजनी होंगी। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं।। ये पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, इंजीनियरिंग, लोक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। सभी नामांकन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। डीसी ने विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समय व प्रारूप में ही पूरी जानकारी के साथ नामांकन भेजें।

### सीजेएम ने सेफ हाउस का किया औचक निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सीजेएम-कम-सचिव सीजेएम पवन कुमार ने सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सीजेएम पवन कुमार ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित सेफ हाउस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर भी साफ-सफाई, रहन-सहन, पीने के पानी की व्यवस्था, भोजनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस के युगल जोड़ों को प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सेवा के बारे में विस्तार से बताया। सीजेएम सीजेएम पवन कुमार ने सेफ हाउस के स्टाफ को यहां आने वालो की स्वास्थ्य जांच व पौष्टिक भोजन देने और उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के आदेश दिए। इस अवसर पर सेफ हाउस स्टाफ मौजूद रहे।

## देशव्यापी विशेष लोक अदालत अभियान से मिलेगा त्वरित, सरल और सुलभ न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लंबित मामलों का आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से समाधान किया जाएगा

जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह-चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीआर. चालिया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सीजेएम-सह-सचिव पवन कुमार ने बताया कि देशभर में लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारे के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) 2026 नामक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 21 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ अपने चरम पर पहुंचेगा। इस दौरान उपयुक्त लंबित मामलों का आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता के माध्यम से समाधान किया जाएगा। सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि यह पहल न्याय को आमजन तक सरल, सुलभ और प्रभावी ढंग से पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पारंपरिक अदालती प्रक्रिया के बजाय इस अभियान में समझौते और आपसी सहमति को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई है। इसके तहत लंबित मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षकारों से संपर्क किया जाएगा तथा उन्हें प्री-लोक अदालत सुलह बैठकों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह अभियान देशभर के न्यायालयों, विधिक सेवा प्राधिकरणों, अधिवक्ताओं एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से संचालित किया जा रहा है।

### एचटेट-2024 की 3.31 लाख परीक्षार्थियों ने दी थी परीक्षा

## एचटेट रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय को लेकर भड़के कर्मचारी, धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को शिक्षा बोर्ड में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) 2024 का रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय करने को लेकर जबरदस्त हंगामा हो गया। सभी कर्मचारी अपनी अपनी ब्रांचों से निकल कर हॉल में एकत्रित हो गए और धरने पर बैठ गए।

जानकारी के अनुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में वीरवार हंगामा हो गया। एक तरफ बोर्ड प्रशासन रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय करना चाहता है। वहीं कर्मचारियों ने इसका विरोध किया। जिसके कारण कर्मचारियों ने हड़ताल पर कर दी और बोर्ड के हॉल में धरने पर बैठ गए। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन के महासचिव सोमबीर पूनिया ने कहा कि एचटेट 2024 की ओएमआर सीट को डिस्ट्रॉय करने पर रोक लगाई जाए। जिसका सभी कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने हड़ताल की है। जबकि बोर्ड प्रशासन द्वारा गलत तरीके से रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय किया जा रहा है। जब बोर्ड कर्मचारियों को इसका पता लगा तो उन्होंने विरोध दर्ज कराया। इसलिए सभी कर्मचारियों ने हड़ताल की और कहा की गलत तरीके से रिकॉर्ड डिस्ट्रॉय ना किया जाए।

उल्लेखनीय है कि एचटेट-2024 के तीनों लेवल में कुल 3.31 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिसका रिजल्ट करीब 14 प्रतिशत रहा। इनमें से जिनमें से करीब 47 हजार परीक्षार्थियों को को सफलता मिली थी। रिजल्ट 101 दिन बाद जारी किया गया था। लेवल-1 यानी प्राइमरी टीचर व लेवल-2 यानी ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर में क्रमशः 16.2 व 16.4 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। जबकि लेवल-3 यानी पोस्ट ग्रेजुएट टीचर की परीक्षा में सिर्फ 9.6 प्रतिशत को ही सफलता मिली।



भिवानी। शिक्षा बोर्ड के हॉल में धरने पर बैठे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### रिकार्ड नष्ट के संबंध में फैला भ्रामक प्रचार: चेयरमैन

बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि एचटेट रिकॉर्ड को डिस्ट्रॉय कर रहा है वो गलत है। सभी परीक्षाओं का रिकार्ड बोर्ड में सुरक्षित है। परीक्षा रिकार्ड नष्ट करने के संबंध में फैले भ्रामक प्रचार का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने पूर्ण रूप से खण्डन किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा रिकार्ड नष्ट करवाने के संबंध में लगाए गए आरोप निराधार तथा तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक में इस प्रकार का धरना प्रदर्शन गलत है उन्होंने कहा बोर्ड परिसर में धरना प्रदर्शन करना बोर्ड के नियमों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि उनसे एचटेट 2024 परीक्षा को लेकर किसी भी संगठन ने बात नहीं की। अब शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 की तैयारियां की जा रही हैं।

## मारपीट और धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ गांव नांगल के शिवम ने दर्ज करवाई थी हमले की शिकायत

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस भिवानी ने बस में युवक के साथ मारपीट कर चोट पहुंचाने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शिवम निवासी गांव नांगल ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 28 अप्रैल को वह हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर अपने गांव नांगल जा रहा था। इसी दौरान बस में सवार 4-5 व्यक्तियों ने उस पर हमला कर दिया तथा जाते समय उसे जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में संबंधित अभियोग दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 29 अप्रेल को दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निशांत पुत्र प्रवीण व हनी पुत्र मनोज, निवासी मानहेरू जिला भिवानी के रूप में हुई है।

**खबर संक्षेप**

### दहेज प्रथा को समाप्त करना जरूरी : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दहेज मुक्त अभियान के अंतर्गत प्रार्थना सभा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीपीईएस अनुदेशक राज कुमार आर्य ने कहा कि दहेज प्रथा का जड़मूल से समाप्त करना जरूरी है। दहेज प्रथा एक अभिशाप है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार डीसी साहिल गुप्ता ने सभी एसडीएम को उपमंडल स्तर पर दहेज निषेध अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ-साथ सभी उपमंडल स्तर पर फोन नंबर और ईमेल आईडी भी जारी की हैं, जिन पर नागरिक दहेज से संबंधित शिकायत दे सकते हैं।

### जल संचय जन भागीदारी 2.0 पर की चर्चा

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में जल संचय अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जल संचय जन भागीदारी 2.0 के तहत भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 1 से 15 मई तक डार्क जोन से उबरने के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिसमें संबंधित विभागों द्वारा पानी संग्रह पर लोगों को वैल बनाने को लेकर जागरूक किया जाएगा। इन इंजेक्शन वेलो का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान और नालों में आने वाले अतिरिक्त वर्षा जल को सीधे जमीन के भीतर पहुंचाना है, ताकि भूजल का तेजी से रिचार्ज किया जा सके।

### राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे के लिए सौंपी जिम्मेदारियां

**चरखी दादरी।** ज्ञान भारतम्-मिशन के अंतर्गत जिला में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे का कार्य 16 जून तक चलेगा। इस कार्य के प्रभावी एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों के सहयोग से सर्वे की जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। ग्राम सचिव आदि को सर्वे का काम दिया गया है। जिला के सभी लोगों का सहयोग इस कार्य के लिए अपेक्षित है। सरकार के निर्देशों के अनुसार इस कार्य के लिए अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबुलाल करवा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त के निर्देशों पर जिला परिषद के सीईओ प्रदीप अहलावत ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### परीक्षा केंद्र में नहीं ले जा सकते मोबाइल : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में तीन मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में केवल परीक्षा केंद्र अधीक्षक जरूरत के समय निर्धारित की गई जगह पर ही प्रयोग कर सकेगा, उसके अलावा कोई भी मोबाइल फोन अंदर नही ले जा सकता। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में प्राथमिक उपचार किट और एंबुलेंस मौजूद रहेगी। डीसी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र अधीक्षक व अन्य नियुक्त अधिकारियों को पुलिस, मेडिकल ऑफिसर और ड्यूटी मेजिस्ट्रेज के संपर्क नंबर का पता होना जरूरी है।

नारी शक्ति ने विपक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

# विपक्ष महिलाओं को समझता वोट बैंक सहन नहीं कर सकता नेतृत्व : मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

**महिलाओं का हक छीनने वालों को सत्ता से बेदखल करेगी नारी शक्ति : मीना परमार**

हरियाणा की राजनीति में नारी शक्ति ने अपनी हुंकार भरते हुए विपक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। तोशाम विधानसभा क्षेत्र के गांव लोहानी में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महिला जन आक्रोश सम्मेलन में विपक्ष की नीतियों और मानसिकता पर तीखा हमला बोला गया। इस दौरान महिलाओं ने प्रदर्शन कर विपक्ष की महिला विरोधी सोच व कार्यप्रणाली के खिलाफ जमकर रोष जताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार और जिला महामंत्री रेखा राघव ने की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने एक स्वर में कांग्रेस और विपक्षी दलों को महिला अधिकारों का विरोधी करार दिया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष वर्षों तक महिला सशक्तिकरण का ढोंगकरता रहा, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को उनका असली अधिकार (33 प्रतिशत आरक्षण) देने का ऐतिहासिक कदम उठाया, तो विपक्ष की रूह कांप गई। संसद में इस बिल की राह में रोड़े अटकाना यह साबित करता है कि विपक्ष महिलाओं को केवल वोट बैंक समझता है, उन्हें नेतृत्व करते हुए नहीं देख सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की संकीर्ण सोच अब देश के सामने उजागर हो चुकी है। परमार ने एक तीखी चेतावनी देते हुए कहा कि लोकतंत्र में महिलाएं अब मूकदर्शक नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने जो बाधाएं खड़ी की हैं, उसका पूरा हिसाब आने वाले चुनाव में लिया जाएगा।



**तोशाम।** कस्बे में जन आक्रोश के दौरान उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**दोगली राजनीति**

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं का भारी आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता नहीं चलेगी और मोदी का सम्मान-महिलाओं का अभिमान जैसे नारों से माहौल को गरमा दिया। जिला महामंत्री रेखा राघव ने कहा कि भाजपा शासन में महिलाएं सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस कर रही हैं, जबकि विपक्षी दलों का इतिहास महिलाओं की अनदेखी से भरा रहा है। उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को घेरते हुए इसे दोगली राजनीति करार दिया तथा मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का उल्लेख भी किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर लखपति, बीरमती, अनीता, मुनेश, राजेश, सुमन, कमलेश, कैलाश, राजबाला, रेखा, निशा, सुनीता अंत में महिला मोर्चा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आने वाले चुनावों में महिला शक्ति विपक्ष को करारा जवाब देगी और उसके इस रवैये का पूरा हिसाब लिया जाएगा। लोकतंत्र में महिलाएं अपनी ताकत से विपक्ष को आईना दिखाने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम में लखपति, बीरमती, अनीता, मुनेश, राजेश, सुमन, कमलेश, कैलाश, राजबाला, रेखा, निशा, सुनीता के अलावा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, इमरान बापौड़ा, मंडल महामंत्री दिनेश भारद्वाज, राजकिशन चौहान, दिलीप कुसुम्भी, अशोक शर्मा, राजेंद्र शर्मा, पवन तंवर, राधे श्याम शर्मा, चित्रपाल सिंह भी कार्यक्रम में शामिल रहे।


**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व स्कूल प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारी।

## टीमवर्क और देशभक्ति का अद्भुत उदाहरण है स्काउटिंग : गुप्ता

- वैश्य इंटरनेशनल स्कूल, के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, राज्य पुरस्कार से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वैश्य इंटरनेशनल स्कूल, भिवानी के विद्यार्थियों ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तृतीय सोपान कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह शैक्षणिक प्रशिक्षण शिविर तारा देवी, शिमला (हिमाचल प्रदेश) में 23 अप्रैल से 26 अप्रैल तक आयोजित किया गया था, जिसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 140 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन 8 विद्यार्थियों हर्ष मेहरा, अंश मेहरा ,शिवम सोनी ,नारायण तुलसियान ,हर्षित चौधरी ,आलोक गौतम, दीपांशु व विनायक ने इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। जिनमें से 6 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

भिवानी जिले से वैश्य इंटरनेशनल स्कूल का नेतृत्व स्काउट मास्टर पवन कौशिक ने किया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की गतिविधियों, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, अनुशासन और टीम भावना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों ने ट्रैकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में भाग लिया तथा शिमला का शैक्षणिक भ्रमण भी किया, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

**बधाई दी**

इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता , प्रबंधन समिति के महासचिव डॉ. पवन कुमार बुवानीवाला व विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर करतार सिंह जाखड़ ने विद्यार्थियों को फूलमालाओं के साथ सम्मानित करते हुए उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर वे अपने कौशल का विकास करते रहेंगे।

## प्रेक्षा ध्यान को जीवन में धारण करें

- आचार्य महाश्रमण का जीवन त्याग, तपस्या एवं साधना को समर्पित : रमेश
- हजारों साधु-साध्वियां व करोड़ों लोगों के जीवन को नई दिशा दें रहे आचार्य महाश्रमण : बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

तेरापंथ के आचार्य महाश्रमण के 53वें दीक्षा दिवस पर तेरापंथ भवन में जप एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। वरिष्ठ श्रावक सुरेंद्र जैन अधिवक्ता ने आचार्य महाश्रमण की महिमा बताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उस महान व्यक्तित्व के दीक्षा दिवस पर हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अणुव्रत समिति के संरक्षक रमेश बंसल ने कहा कि युग प्रधान आचार्य महाश्रमण का जीवन त्याग, तपस्या एवं साधना का जीवन है। उनके निर्देशन में हजारों साधु साध्वियां, करोड़ों लोगों के जीवन को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। कालीदेवी मंदिर के महंत जगन्नाथ ने कहा कि आचार्यजी के जीवन से प्रेरणा लेकर उन्होंने भी अणुव्रत और प्रेक्षा ध्यान को अपने जीवन में धारण किया है। कार्यक्रम का संयोजन रेनू नाहटा ने किया और शुभारंभ महिला मंडल की गीतिका से हुआ।


**भिवानी।** आचार्य महाश्रमण के 53वें दीक्षा दिवस पर जप एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## प्रेमनगर में ग्रामीणों ने दिया धरना

- सरकार को 131 एकड़ जमीन फ्री देने के बावजूद गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के सामने जारी धरना तेज कर दिया है। वीरवार को धरना समिति के प्रधान कैप्टन कलमसिंह की अध्यक्षता में जारी रहा। धरना समिति के प्रधान कैप्टन कलम सिंह ने कहा कि उनकी मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा। गौरतलब हैं कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में नौकरियों और सभी कोर्सेज में ग्रामीणों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने, गलत दीवार हटवाने, गांव के समग्र विकास के लिए विशेष बजट जारी करने, सीबीएलयू की कार्यकारी कमेटी में गांव के एक व्यक्ति को बतौर सदस्य शामिल करने मांगें शामिल हैं।


**भिवानी।** सीबीएलयू के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करते ग्रामीण।

**विश्वासघात किया**

ग्रामीण 15 जनवरी 2021 से लगातार धरने पर है तथा इन्ही मांगों को लेकर गांव प्रेमनगर ने करीबन 10 से 12 वर्ष पूर्व चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 131 एकड़ भूमि मुफ्त हरियाणा सरकार को दी थी, लेकिन सरकार ने गांव प्रेमनगर के ग्रामीणों के साथ विश्वासघात किया तथा आज 12 वर्षो बाद भी ग्रामीणों के हाथ खाली है, जिसके विरोधस्वरूप धरना दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे है तथा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, उनका धरना जारी रहेगा। वीरवार को धरने पर सरपंच राजेश कुमार, नरेंद्र फौगाट, छात्र नेता प्रवीण बूरा, राजेश, बलजीत आदि मौजूद रहे।

## ग्रुप डी कर्मचारियों को कॉमन कैडर से बाहर करने की मांग

- अग्निशमन कर्मियों की हड़ताल का समर्थन कर चार मई को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं एआईआरटीवीएफ की मीटिंग राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग का संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि परिवहन विभाग का निजीकरण कर रहे विभागों अलग-अलग तरह कच्चे कर्मचारी भर्तियां की जा रही और रोडवेज विभाग को बड़े पूंजीपतियों को सौंपने की तैयारी कर रही है और कर्मचारी और मजदूरों के हक के कानून बदलकर कर चार लेबर कोड्स थोंपे जा रहे है जो कर्मचारी मजदूरों के हड़ताल करने जैसे सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों पर हमले किए जा रहे हैं।

कर्मचारी संघ के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए यूनियन के आह्वान पर 1 मई को सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर जिला हेड क्वार्टरों पर मजदूर दिवस पर पूर्ण भागीदारी करेंगे। राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व महासचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने रोडवेज कर्मचारियों के मांग और मुद्दों पर गंभीरता दिखाई। कर्मचारी नेताओं ने कहा हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी सरकार आनाकानी कर रही है।

उपायुक्त लघु सचिवालय हाल में सुनीं जन शिकायतें

## अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध करें निपटारा

- स्थायी समाधान के लिए नागरिकों से करें संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध उचित निपटारा करना सुनिश्चित करें।

इन शिकायतों के स्थायी समाधान के लिए संबंधित नागरिक से संवाद कर उन्हें विभागीय कार्यवाही से संतुष्ट करें। उपायुक्त लघु सचिवालय हाल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने समस्याएं सुनने के दौरान मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए नागरिकों की शिकायतों का निर्धारित अवधि में उचित समाधान करें। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविरों में एक छत के नीचे हर विभाग की समस्या का निदान करने की व्यवस्था की गई है। संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी समाधान शिविर में मौजूद रहे।




## पेयजल टैंकरों में एक से अधिक छोटी टूटी होनी चाहिए ताकि पानी बर्बाद न हो: डीसी

- प्राइवेट स्कूलों में 134-ए के तहत पात्र बच्चों के दाखिलों में कोई अड़चन नहीं आनी चाहिए : डीसी
- डीसी साहिल गुप्ता ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायत सुनते हुए अधिकारियों को दिए निर्देश

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। डीसी ने गर्मी के चलते पार्षद अनिल द्वारा पेयजल की बर्वादी रोकने की मांग पर पब्लिक हेल्थ विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल टैंकरों में एक बड़ी वॉल के साथ-साथ चार-पांच छोटी टूटी भी लगी होनी चाहिए, ताकि पानी की बर्बाद न हो।

इसके साथ ही डीसी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि 134-ए के तहत पात्र बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में दाखिला लेने में किसी प्रकार की अड़चन नही आनी चाहिए। यदि कोई प्राईवेट स्कूल संचालक 134-ए के नियमों की अवहेलना करता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीसी ने सभी विभागाध्क्षों को समाधान शिविर में स्वयं उपस्थित रहने रहने के साथ-साथ निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरते। शिविर में सीटीएम अनिल कुमार, डीडीपीओ सोमवीर कादयान, डिप्टी एलडीएम राजवंती, गैर सरकारी सदस्य नंदराम धानिया आदि मौजूद रहे।

**महंत चरणदास ने गो-सेवा एवं संस्कार संरक्षण का दिया संदेश**

## जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में गूंजा भगवान नरसिंह का जयघोष

भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखने को घरों में संस्कृति एवं संस्कार का दीया जलाना जरूरी: चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान नरसिंह मंदिर में वीरवार को भगवान नरसिंह जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया। हनुमान जोहड़ी मंदिर परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। कार्यक्रम में बालयोगी महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा, जिनके सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। उत्सव का शुभारंभ भगवान नरसिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। महंत चरणदास ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की ।



**भिवानी।** भगवान नरसिंह को नमन करते महंत चरणदास महाराज व अन्य श्रद्धालु।

**गाय भारतीय संस्कृति की धुरी**

महंत चरणदास महाराज ने समाज में गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता जताते हुए श्रीसनातन संस्कृति के पुनरुत्थान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में हम अपनी जड़ों को भूलते जा रहे हैं। भगवान नरसिंह पूरी मानवता के रक्षक हैं, हमें अपनी भावी पीढ़ी को सुरक्षित रखना है, तो हमें अपने घरों में संस्कृति और संस्कार का दीया जलाए रखना होगा। महंत चरणदास ने कहा कि गाय केवल पशु न,हीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की धुरी है। हर परिवार को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गो-सेवा से जुड़ना चाहिए। वहीं उन्होंने पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से बचकर अपनी परंपराओं, त्योहारों और मान्यताओं का सम्मान करने की सीख दी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को भौतिक सुख-सुविधाओं के साथ-साथ नैतिक शिक्षा एवं धर्म का ज्ञान भी दें। कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आनंद लिया। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया और सामूहिक आरती के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

## जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ऑनलाइन फ्रॉड तथा अन्य साइबर अपराधों से बचाव हेतु जारी अभेद्य ऐप एवं डूअल ओटीपी सिस्टम के उपयोग को लेकर पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार ने एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों जैसे फर्जी कॉल, व्हाट्सएप मैसेज, ईमेल, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं नकली वेबसाइट्स के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में आमजन के लिए सतर्कता एवं जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे नए प्रकार के साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी। इसमें पुलिस अधिकारी, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं।

**डुअल ओटीपी सिस्टम**



उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी तकनीकी रूप से बैंक खातों को हैक करने के बजाय लोगों को मानसिक दबाव, भय, झूठे कानूनी मामलों, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं तथा सरकारी अधिकारी बनकर प्रतिरूपण जैसे तरीकों से भ्रमित कर स्वयं उनसे ओटीपी साझा करवाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसे मामलों में पारंपरिक एकल ओटीपी प्रणाली कई बार पर्याप्त सुरक्षा प्रदान नहीं कर पाती। डूअल ओटीपी प्रणाली ऑनलाइन लेन-देन को अधिक सुरक्षित बनाती है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।

**NOTICE**

I, Sh. Bed kaur (old Name which is to be changed) Wife of Dharam Singh & DharamPal Village Kalod Tehshil Siwani Distt Bhiwani declare that my old Name Bed Kaur W/o Dharampal and I want to change my Name Ved Kaur Wife of Dharam Singh.

## बिना वैध लाइसेंस चल रहा था नशा मुक्ति केंद्र, आठ प्रकार की नशीली दवाइयां मिली

# मुख्यमंत्री के उड़नदस्ते ने मानव नशामुक्ति केंद्र किया सील, नहीं था दवाइयों का रिकॉर्ड

### टीम की शिकायत पर पुलिस ने केन्द्र के संचालक और चिकित्सक को किया गिरफ्तार | मानव नशामुक्ति केन्द्र के प्रथम तल पर नशा छुड़वाने के लिए भर्ती मिले 40-45 मरीज

केन्द्र में भर्ती मरीजों को ले जाने के लिए परिजनों को किया सूचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



बहल। मानव नशा मुक्ति केन्द्र बहल में कार्रवाई करते सीएम फ्लाइंग, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता रोहतक की टीम ने बुधवार को कस्बे के झुप्पा रोड स्थित मानव नशामुक्ति ट्रस्ट पर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने छापेमारी के दौरान पाया कि नशामुक्ति केंद्र बिना किसी वैध लाइसेंस के संचालित था तथा टीम को मौके से आठ प्रकार की नशीली दवाएं बरामद हुई, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सील कर पुलिस को सौंप दिया है। वहीं केन्द्र में भर्ती मरीजों को ले जाने के लिए उनके परिजनों को सूचित किया गया है। टीम की शिकायत पर पुलिस ने केन्द्र संचालक व एक चिकित्सक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

स्वास्थ्य विभाग, मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कस्बे के झुप्पा रोड स्थित मानव नशामुक्ति ट्रस्ट और अस्पताल पर बाद दोपहर जांच के लिए पहुंची। निरीक्षक सुनील कुमार की अगुवाई में टीम ने केन्द्र पर जांच की। टीम ने केन्द्र संचालक दिलबाग सिंह व डॉ. राकेश से पूछताछ करते हुए केन्द्र की वैद्यता संबंधी दस्तावेजों मांगे, टीम के अनुसार संचालक केन्द्र संचालन के लिए कोई वैद्य लाइसेंस व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। संचालक मौके पर केवल दो नोटरी से सत्यापित प्रमाणीकरण स्मरण पत्र ही पेश कर सका। इसके अलावा टीम को जांच के दौरान केन्द्र के प्रथम तल पर 40-45 मरीज भर्ती किए हुए मिले, जो नशा छुड़वाने के लिए भर्ती किए गए थे। संचालक द्वारा केंद्र में सेवारत चिकित्सक के तौर पर डॉ. संदीप डूडी का नाम बताया, लेकिन वे मौके पर मौजूद नहीं थे। टीम में शामिल डीसीओ भिवानी सुरेंद्र कुमार की मौजूदगी में डिस्पेंसरी की जांच की तो वहां से आठ तरह की नारकोटिक्स श्रेणी की नशीली दवाएं मिली, जिनको टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। टीम ने बताया कि इन दवाइयों का कोई वैद्य रिकार्ड नहीं मिला। पुलिस थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि डॉ. स्वेताब रंजन की शिकायत पर केन्द्र निदेशक दिलबाग सिंह व डॉ. राकेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

#### भर्ती मरीजों के परिजनों को किया कार्रवाई के बारे में सूचित

नशामुक्ति केन्द्र पर छापेमारी के दौरान टीम को 40-45 मरीज भर्ती मिले। जांच के दौरान वैद्य दस्तावेज नहीं मिलने, संचालक व चिकित्सक की गिरफ्तारी के बाद टीम के समक्ष चिंता का विषय बन गया कि अब केन्द्र में भर्ती मरीजों को कहां शिफ्ट किया जाए। इस पर पुलिस ने मरीजों के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें कार्रवाई की जानकारी दी। इस पर बुधवार व वीरवार को मरीजों के परिजन उन्हें अपने घर ले जाने में लगे रहे।

#### छापेमारी के दौरान 40 तरह की एलोपेथिक दवाइयां बरामद : सुरेंद्र

बहल में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में नशामुक्ति केन्द्र पर बुधवार को छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान केंद्र से आठ तरह की प्रतिबंधित व 40 तरह की एलोपेथिक दवाइयां बरामद हुई है, जिनकी खरीद वैद्यता संबंधी मौके पर कोई रिकॉर्ड नहीं पाया, जिसकी जांच की जाएगी।

- **सुरेन्द्र कुमार**, डीसीओ, भिवानी



भिवानी। रक्तदाता को बैज लगाकर सम्मानित करते अतिथि।

## शिविर में 33 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- किसी जरूरतमंद को जीवन देने के समान है रक्तदान : डुडेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

समाजसेवा एवं परोपकार की भावना को जीवंत रखते हुए वीरवार को सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट ने हुन्नामल की प्याऊ के पास 26वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया। एम्स बाढ़सा की टीम के सौजन्य से शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दिनभर चले पुनीत कार्य में कुल 33 यूनिट रक्त एकत्रित किया, जो आपातकाल में कई जीवन बचाने के काम आएगा। शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए ट्रस्ट के प्रधान जगदीश मिताथल व शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने प्रत्येक रक्तदाता को स्मृति चिह्न व बैज लगाकर सम्मानित किया। जगदीश ने कहा कि किसी की जान बचाना दुनिया का सबसे बड़ा धर्म है। ट्रस्ट का लक्ष्य केवल रक्त एकत्रित करना नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता को फैलाना है कि हमारा थोड़ा सा योगदान किसी के परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता है। 26वां शिविर हमारे इसी संकल्प की कड़ी है।

#### नहीं आती कमी

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि नया रक्त बनने से शरीर और भी स्वस्थ होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना किसी को जीवन का उपहार देने के समापन है। आज की युवा पीढ़ी को इस मुहिम से जुड़कर स्वस्थ और सुरक्षित समाज की नींव रखनी चाहिए। एम्स बाड़सा की मेडिकल टीम ने आधुनिक मानकों के साथ रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी की। इस मौके पर नरेंद्र तंवर, हरिओम, विक्रम, विजेंद्र, दीपक व नवीन मौजूद रहे।

## विधायक ने सौंपा 72 लाख 83 हजार रुपये का चेक



भिवानी। श्रीगोशाला ट्रस्ट के प्रधान पुरूषोत्तम दास अग्रवाल को चारा अनुदान का चेक भेंट करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

- भिवानी श्रीगोशाला ट्रस्ट को मिली चारा अनुदान की दूसरी किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश सरकार द्वारा गोसेवा आयोग के माध्यम से प्रदेश की गोशालाओं को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पशुचारा अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। वीरवार को श्रीगोशाला ट्रस्ट भिवानी, गोसेवा दल भिवानी तथा भिवानी विस क्षेत्र की अन्य गोशालाओं को वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतर्गत अनुदान की राशि दी गई। आयोग ने विधायक सर्राफ के माध्यम से 72 लाख 83 का चेक श्रीगोशाला ट्रस्ट के प्रधान पुरुषोत्तम दास अग्रवाल को सौंपा।

#### जताया आभार

विधायक सर्राफ ने बताया कि आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रथम किस्त व वर्तमान द्वितीय किस्त के उपयोगिता प्रमाण पत्र आयोग को प्रस्तुत किए जाने के उपरांत तीसरी एवं अंतिम किस्त जारी कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राप्त अनुदान राशि का उपयोग गोशाला में निवासरत गोवंश के लिए उच्च गुणवत्ता वाले हरा व सूखे चारे की सुविधाओं में किया जाएगा, जिससे गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। श्रीगोशाला ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने हरियाणा सरकार, हरियाणा गोसेवा आयोग पंचकूला एवं विधायक एवं वरिष्ठ ट्रस्टी घनश्यामदास सर्राफ का आभार जताया।

## आज से शुरू होगी जनगणना

**चरखी दादरी।** दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना का कार्य आज से शुरू होने जा रहा है। जनगणना 2027 के पहले चरण में 31 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इसको लेकर उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और कहा कि पहले दिन से ही इस कार्य की निगरानी की जाए और कार्य में किसी भी प्रकार की रुकावट ना आए।

उन्होंने कहा कि भारत की जनगणना दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना है। इसके चलते इस कार्य में लगे प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की जिम्मेदारी ओर अधिक बढ़ जाती है। ऐसे में संबंधित सभी अधिकारी सुनिश्चित करें।

## डीआईपीआरओ कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए मदन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- 19 वर्ष चार महीने 23 दिन रहा सेवाकाल

लघु सचिवालय स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में क्लीनर पद पर कार्यरत मदन शर्मा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मदनलाल 19 वर्ष चार महीने 23 दिन के सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र सिंगल ने मदनलाल शर्मा को सेवानिवृत्ति पर उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि मदनलाल शर्मा ने सात नवंबर 2006 को भिवानी में क्लीनर के पद पर अपनी सेवाएं प्रारंभ की थी। अपने 19 वर्ष चार महीने 23 दिन के लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने परिवार की तरह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। कार्यक्रम के दौरान अधीक्षक कृष्ण चंद्र नेहरा, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय सिंह सहित विभाग के अन्य कर्मचारियों ने भी मदनलाल शर्मा को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और सुखद जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## पशुपालन विभाग ने टीकाकरण को लेकर बैठक में किया मंथन

- उपनिदेशक ने मुंहखुर व गलघोटू वैक्सीनेशन अभियान को लेकर दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



पशुपालन विभाग की बैठक में चर्चा करते विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत।

पशुपालकों की आर्थिक उन्नति और पशुधन के बेहतर स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए पशुपालन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। वीरवार को निजी संस्थान में विभागीय बैठक में मुंहखुर एवं गलघोटू बीमारी के खिलाफ आगामी टीकाकरण अभियान की रूपरेखा तैयार की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने स्पष्ट संदेश दिया कि जिले का कोई भी पशु टीकाकरण से वंचित नहीं रहना चाहिए। मई के प्रथम सप्ताह से शुरू होने वाले विशेष अभियान के तहत भिवानी जिले के 2 लाख 83 हजार पशुओं को कवर करने का लक्ष्य रखा है। डॉ. सहरावत ने अभियान को गति देने के लिए एक भी पशु छूटे नहीं-सुरक्षा चक्र टूटे नहीं प्रेरक नारा दिया। डॉ. रविंद्र सहरावत ने बताया कि पूरे देश में केवल हरियाणा ही ऐसा राज्य है, जहां मुंहखुर व गलघोटू की संयुक्त वैक्सीन लगाई जाती है। वहीं संयुक्त वैक्सीन न केवल प्रभावी है, बल्कि पशुओं को बार-बार के तनाव से भी बचाती है।

## 31 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के बाद प्रवक्ता सुभाष चंद्र अलखपुरा विद्यालय से हुए सेवानिवृत्त

- खंड शिक्षा अधिकारी सतेंदर सिंह ने दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। सेवानिवृति पर सम्मानित करते हुए।

अलखपुरा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भूगोल प्रवक्ता सुभाष चंदर शर्मा सेवानिवृत्त हो गए, 31 वर्षों तक उल्लेखनीय योगदान देने वाले भूगोल प्रवक्ता के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सतेंदर सिंह, प्राचार्य आनंद शर्मा, भुवनेश शर्मा, मास्टर राजेश कुमार, राजू हंस, विनीत, रिंकू सैनी, बिजेन्दर, सुरेश जांगड़ा, प्रवीण अग्रवाल सहित विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों तथा क्षेत्र के गणमान्य समाजसेवियों ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने सेवानिवृत्त प्रवक्ता के सेवा काल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उनके मार्गदर्शन में अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सेवानिवृत्त प्रवक्ता सुभाष शर्मा का स्वभाव अत्यंत सरल, सहयोगी और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने हमेशा सकारात्मक व्यवहार बनाए रखा।

## चौधरी बंसीलाल कॉलेज में स्वयंसेवकों को दी विदाई

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं ने प्रतिभा के रंग बिखेरे

**लोहारू।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित विदाई समारोह में वरिष्ठ स्वयंसेवकों को विदाई दी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं ने प्रतिभा के रंग बिखेरे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना दो वर्षों की अवधि में विद्यार्थियों के नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण गुणों के विकास के लिए संचालित की जाती है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 3.5 करोड़ स्वयंसेवक योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जो इसकी व्यापकता को दर्शाता है। कार्यकारी प्राचार्य एवं मुख्यतिथि डॉ. सुखबीर सिंह कहा कि सच्चा स्वयंसेवक ही सच्चा राष्ट्रभक्त होता है, एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थी में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भावना पैदा होती है और व्यक्ति अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होता है। डॉ. अनिरुद्ध व डॉ. राजबाला ने विद्यार्थियों के उत्साह, सक्रिय भागीदारी एवं सेवा-भावना की सराहना की।



चौधरी बंसीलाल कॉलेज में स्वयंसेवकों की विदाई में बेस्ट वॉलंटियर को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### सरकारी उपेक्षा एवं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का दफ्तर: ईश्वर

दो साल में अनेक बार दी शिकायत, आज तक नहीं मिला कोई आश्वासन: मान

# 12 साल से खंडहर बना हुडा कार्यालय, पूर्व जिला पार्षद मान ने प्रशासन एवं नेताओं को घेरा

- तीन मंजिला इमारत की हालत वर्तमान में बदतर हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। खंडहर हुडा कार्यालय का भवन दिखाते पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान।

शहर के मध्य में करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का कार्यालय पिछले 12 वर्षों से सरकारी उपेक्षा एवं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है। पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मान ने पिछले 12 वर्षों से अधूरे पड़े हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का कार्यालय को पूरा करवाने की मांग को लेकर वीरवार को समाधान शिविर में मांग उठाई। मान ने कहा कि लघु सचिवालय के नजदीक स्थित तीन मंजिला इमारत की हालत वर्तमान में बदत्तर हो चुकी है।

#### लगभग 80 प्रतिशत शीशे टूटे

पूर्व जिला पार्षद मान के अनुसार भवन का निर्माण 2014 में शुरू हुआ था, जो आज 10-12 साल बीत जाने के बाद भी अधूरा पड़ा है। वर्तमान ने इमारत के लगभग 80 प्रतिशत शीशे टूट चुके हैं, चौखट एवं लोहे के जंगले (ग्रिल) चोरी हो चुके हैं। वहीं परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं, जिससे ये स्थान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। समाधान शिविर में उपायुक्त से उन्होंने कहा कि शहर की जनता के करोड़ों रुपये इस प्रोजेक्ट में बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से पूछा कि पिछले 11-12 वर्षों से इस इमारत के लिए ग्रांट क्यों नहीं आई या बजट आया था तो उसे समय रहते काम पूरा करने में क्यों नहीं लगाया गया और सरकारी पैसे का दुरुपयोग करने वाला असली दोषी कौन है।

#### उच्च स्तरीय जांच हो

मान ने अपनी शिकायत में स्थानीय सांसद, विधायक, जिला भाजपा प्रधान और स्थानीय प्रशासन को इस दुर्दशा का जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए, ताकि पता चले कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा किसकी जेब में गया। उन्होंने मांग की कि अधूरे पड़े हुडा दफ्तर व जिमखाना क्लब के निर्माण को तुरंत पूरा किया जाए। वहीं इमारत के सामान की चोरी व तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई हो और चंडीगढ़ मुख्यालय से प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति पर स्पष्ट रिपोर्ट मांगी जाए।